तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 17 जुलाई 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 नायब तहसीलदार प्रमोशन पर गए...



12 आयुष्मान कार्डः 6 लाख 85 हजार 395...



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर के पलटने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत हाटकोंदल निवासी 39 वर्षीय मन्नूराम नुरेटी पिता गन्नूराम का ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक्टर से खेत का मताई कर रहा था। मताई करते समय ट्रैक्टर का मुण्डी अनबैलेंस होकर पलट गया। ट्रैक्टर में बदने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### लापरवाही से हुई युवक की मौत, मामला दर्ज




**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत परतापुर से महला जाने वाले मे 27 मई को हुई सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की पेड़ में टकरा जाने से मौत हो गई। पेड़ में टकराने से चालक को गंभीर चोट आया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। परतापुर थानांतर्गत ग्राम माहला निवासी 55 वर्षीय दशरथ तारम पिता स्व. जरहुराम तारम का पेड़ से टकराने के कारण मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महला निवासी दशरथ पिता स्व. जहुरराम 27 मई को करीबन 4 बजे परतापुर से महला जाने की पक्की रोड में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एन 0858 में सवार होकर निकला था। वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रोड किनारे बीजा के पेड़ से टकरा गया। टकराने के कारण मृतक को गंभीर चोंटे आई, जिसे ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाया गया। चिकित्सक ने परीक्षण कर युवक के मौत होने की पुष्टी किया। मृतक की मृत्यु शेष पेज 10 पर

# भगवान जगन्नाथ को ढूढ़ने निकली माता लक्ष्मी और पहुंच गई राजमहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद रथ से मौसी के यहां गुणिचा मंदिर जनकपुर जाते है, जिसके बाद माता लक्ष्मी उनकों ढूढ़ने के लिए शहर में निकली हैं जो ढूढ़ते हुए राजमहल पहुंच गई। राजमहल में राजपुरोहित व राजपरिवार द्वारा माता लक्ष्मी का पूजा अर्चना किया गया, जिसके बाद वे ढूढ़ते हुए गुणिचा मंदिर गई।

परम्परा के अनुसार भक्तों के प्रेम को देखते हुए भगवान जगन्नाथ अत्यधिक स्नान कर लिए थे। जिसके बाद बैद्य के लगातार उपचार करने बाद जड़ीबुटियों की औषधी पिलाए जाने पर 15 दिन बाद भगवान जगन्नाथ स्वस्थ हुए, जो दूसरे दिन भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ यात्रा करते हुए मौसी के यहां गुणिचा मंदिर जनकपुर गए। मंदिर से मंदिर में जाने के बाद उन्हे तरह तरह के पकवानों का भोग लगाया जा रहा है, जिसके कुछ दिनों बाद माता लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ को ढूढ़ने के लिए शहर में भ्रमण किया और शहर में ढूढ़ते हुए राजमहल पहुंची।

**राजपरिवार ने किया पूजा पाठ**



### किया गया स्वागत

माता लक्ष्मी के राजमहल पहुंचने पर राजपरिवार द्वारा स्वागत किया गया, जिसके बाद राज पुरोहित पंडित द्वारा पूजा किया गया, इसके बाद राज परिवार के सदस्यों ने पूजा किया। उसके बाद राज परिवार में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूजा किया। पूजा होने के बाद माता लक्ष्मी वापस भगवान जगन्नाथ को ढूढ़ते हुए गुणिचा मंदिर जनकपुर गई। इस दौरान मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी व पुजारी उपस्थित रहे।

## बैठक: नियद नेल्लानार के तहत अंदरूनी इलाके के लोगों को मिल रहा लाभ

# नवीन मेडिकल कालेज का काम जल्द प्रारंभ कराएं योजनाओं का बेहतर ढंग से सभी करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कार्यों में लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर सभी मामलों का निराकरण गुणवत्तापूर्वक करने के कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने निर्देश दिए। नियद नेल्लानार के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह शासन की उच्च प्राथमिकता वाली योजना है, जिसे सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की अनुभागवार एवं विभागवार प्रगति की कलेक्टर ने जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में स्थापित नवीन मेडिकल कॉलेज से संबंधित निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराएं। इसके लिए सभी प्रकार के विधि सम्मत कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के तहत विद्यालय भवनों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने तथा उनका नियमानुसार भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर एस अहिरवार, जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी तरह कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, महतारी वंदन योजना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी लेते हुए जिले में बेहतर ढंग से क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

### शिविरों में अधिकारी अमले के साथ रहे मौजूद

आगामी शुक्रवार से आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर ने मैदानी अमलों के साथ-साथ सभी जिला प्रमुख अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए। साथ ही प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही यथासंभव निबटारा करने के लिए भी कहा।

### जिले से 70 दर्शनार्थियों का दल जाएगा अयोध्या

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने बताया कि रामलला दर्शन योजना के तहत हितग्राहियों का चयन लाटरी पद्धति से कर लिया गया है तथा आगामी 23 जुलाई को 70 दर्शनार्थियों का दल यहां से दुर्ग रेल्वे स्टेशन जाएगा, इसके बाद अयोध्या के लिए रवाना होगा। योजनाओं व गतिविधियों की ली जानकारी

**ग्राम मुड़धोवा में हादसा**

# आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हल्बा चौकी नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम मुड़धोवा में किसान का आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गया। घटना के समय किसान खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिसके चपेट में आने से किसान का मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम कराकर परिजनो को सौंप दिया।

लम्बे समय के बाद 15 जुलाई को सुबह हुई बारिश के बाद किसान धान की रोपा लगाने कि तैयारी में जुट गए। 15 जुलाई को सुबह 8 बजें से बारिश शुरू हुआ जो दोपहर 1 बजे तक बरसता रहा। इसी बीच 15 जुलाई को सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजें के खेत में काम कर रहे हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम मुड़ाधोवा निवासी 45 वर्षीय बिरेन्द्र पटेल पिता कृष्ण पटेल के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गया, जिसके कारण उसका मौके पर ही मौत हो गया। मृतक के परिजन से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुबह अपने खेत में काम करने गया था। खेत में काम करते समय बारिश हो रहा था, की अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी खेत में ही मौत हो गया। पुलिस ने शव को पोस्ट मॉडम के लिए भेजा। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।



# विधायक ने किशनपुरी में किया नवीन ग्राम संगठन भवन का शुभारंभ

■ शिक्षा और समाज सेवा से संबंधित गतिविधियों का हो सकेगा आयोजन: नेताम



**कांकेर।** नरहरपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत किशनपुरी में विधायक नेताम के पहुंचने पर स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। महिलाओं ने आरती उतारकर स्वागत किया। मांडरी नर्तक दल ने उनके लिए विशेष नृत्य से आयोजन को रंगीन बनाया। इसके बाद विधायक और अतिथियों को एक किलोमीटर पैदल कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया, जो एक अद्वितीय अनुभव साबित हुआ।

इस अवसर पर विधायक नेताम ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात विधायक नेताम ने ग्राम संगठन भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने कहां की ग्राम संगठन भवन बनने से समूह की महिलाओं को बैठक करने में सुविधा मिलेगी, और शिक्षा और समाज सेवा से संबंधित गतिविधियों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार महिलाओं को प्रतिमाह 1000 उनके खाता में डाल रही है। इस अवसर पर पूर्व मत्स्य बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल मरकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुर्री, जनपद पंचायत अध्यक्ष कांकेर रामचरण कोराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, जनपद सदस्य विमल नेताम, ग्राम पंचायत सरपंच सत्यवती नेताम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कुशल नेताम, भाजपा आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष जीवन नेताम, गौकरण नाग, भाजपा मंडल महामंत्री धनेश कौशिक, ग्राम पंचायत देवगांव सरपंच अखिलेंद्र नेताम, भाजपा कार्यकर्ता हेमंत साहू, आसंकरण ध्रुव, महमुद अली, रामु साहू, आत्मा साहू, उपसरपंच ललिता शेष पेज 10 पर

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की मांग और समस्याएं




**कांकेर।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों से कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने मुलाकात किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। जनदर्शन में कुल 27 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में मुख्य रूप से ग्राम किरगोली निवासी कुशल कुमार कुंजाम ने निजी बैंक के द्वारा लोन वितरण के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम बनसागर निवासी संतराम कुंजाम ने सीसी रोड निर्माण कार्य की जांच कराने, ग्राम केंवटी निवासी पुष्पा रावटे ने ईलाज की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने और ग्राम पण्डरीपानी निवासी रामदुलारी ठाकुर ने आर्थिक सहायता की मांग सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मांगों एवं समस्याओं को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रेषित किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनदर्शन प्रत्येक मंगलवार को जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे से आयोजित होता है, जिसमें जिले के आम नागरिक कलेक्टर को अपनी समस्याओं एवं मांगों से अवगत करा सकते हैं।

# बाइक बनवाने की बात को लेकर दो युवक के बीच विवाद

■ काउंटर केस दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 36 चांदीपुर में बाइक को बनवाने की बात को लेकर दो पक्ष मे विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने थाना पहुंचकर एक दुसरे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्ष की बात सुन काउंटर केस दर्ज किया है।

थाने में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 36 चांदीपुर निवासी 24 वर्षीय मुकेश राय पिता बलई राय ने पुलिस को बताया कि चांदीपुर निवासी राहूल खराती पिता स्व. जतीन खराती मेरा दोस्त है जो मेरे मोटर सायकल को गिरा दिया गया था और बाद में बनवा दूंगा बोला था। तब राहुल खराती के घर 14 जुलाई को रात 8 बजे मोटर सायकल बनाने के संबंध में बातचीत करने गया था। राहु खराती को मोटर सायकल को बनवाने के लिए बोल रहा था तब वह पैसा नहीं है बोला। तभी राहुल खराती का चाचा आरोपी संजीत खराती डण्डा लेकर आया और तू मेरे घर आकर मेरे भतिजे से पैसा मांगता है, आज तुझे जान से मार दूंगा बोलकर धमकी देते हूए पास में रखे डण्डा से मेरे सिर, बांण जंघा के पास मारपीट किय, जिससे खून निकलने लगा। मारपीट



को देख आसपास के लोगो ने बीच बचाव किया। प्राथी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

वही दूसरे पक्ष से पीव्ही 36 चांदीपुर निवासी 20 वर्षीय राहूल खराती पिता जतिन खराती ने पुलिस को बताया कि गांव के मुकेश राय के साथ मेरा जान पहचान व उठना बैठना है। मुकेश राय के मोटर सायकल मेरे से गिर गया था, जिसे बाद में बनवा दूंगा बोला था। 14 जुलाई की रात करीबन 8 बजे आरोपी मुकेश राय मेरे घर आकर मुझे मोटर सायकल बनवा दो कहकर जबरदस्ती विवाद करने लगा और मेरे द्वारा मोटर सायकल को बाद में बनवा दूंगा कहने पर गुस्सा होकर गाली गलौज करने लगा। आरोपी ने द्वारा हाथ, मुक्का और लात से मारपीट करते देख मेरी मां अंजू खराती और भाई सत्यजीत खराती बीच शेष पेज 10 पर

## बिगड़ा रसोई का बजट, दुकानों में ग्राहकों की संख्या में आई कमी

# मौसम की बेरूखी के चलते हरी सब्जियां हुईं महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ थोक मंडी सहित चिल्हर बाजार में 50 फीसदी तक उछाल



मौसम की मार और कम आवक की वजह से शहर के बाजारों में हरी सब्जियां महंगे दामों में बिक रही है। थोक मंडी सहित चिल्हर बाजार में 50 फीसदी तक उछाल आया है। क्षेत्र के बाजारों में 15-20 दिन में आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में तेजी आई है। ग्राहक दुकान में फल-सब्जियों के भाव पूछने के बाद खरीदारी में संकोच करने लगे हैं। सब्जियों के बढ़ते दामों ने जहां गृहणियों का पूरा बजट खराब कर दिया है। वहीं दुकानदारों के पास भी ग्राहकों की संख्या घटती लगातार जा रही है। पालक, गलका, भिंडी जैसी कुछ हरी सब्जियां को छोड़कर बाकी के दाम भी बढ़े है।

बारिश देर से होने कि वजह से बाड़ियों में सब्जियों की बोनी में देरी हुई है। उत्पादन नहीं होने से डिमांड और सप्लाई में अंतर आ गया, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हो गई। अभी शहर में आने वाली हरी सब्जी फार्म हाउस से आ रहा है। ट्रांसपोर्टिंग चार्ज लगने की वजह से रेट दोगुना होते जा रहा है। भरपूर बारिश होगी तभी बाड़ियों में सब्जी का बंपर उत्पादन होगा। तब शेष पेज 10 पर

### आलू-प्याज 40 रुपए किलो

सब्जियों की महंगाई को देखते हुए लोगों ने आलू-प्याज जमकर खरीदे। विकल्प के तौर पर आलू-प्याज सबसे अच्छा सब्जी है। किराना व्यापारी ने बताया कि इस सप्ताह किराना सामानों के दाम स्थिर है। रेट नहीं बढ़ने से उपभोक्ता खुश हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को शक्कर 42, गुड़ 50, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 110, जीरा 330, काली मिर्च 780, लहसून 190, तेल पाउच रिफाइंड 110, सरसों 70, मेथी 85, राहर दाल 150-180, मूंग दाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 120- 140, मटर 100, चना दाल 90 रूपए किलो बिकी। अंडा इस सप्ताह 75 रूपए दर्जन रहा।

### सब्जियों के दाम बढ़े

अदरक 150 रुपए, मुनगा 120 रुपए, गोभी 80 रुपए, शिमला मिर्च 120 रुपए, कटहल 40 रुपए, करेला 40 रुपए, टमाटर 80 रुपए, पत्तागोभी 50 रुपए, बरबट्टी 40, परवल 50 रुपए, भाटा, भिंडी, कुम्हड़ा, मूली 40 रुपए, लौकी 30 रुपए किलो बिकी। वही सीजन में मिलने वाले बोड़ा और फुटु के दाम आसमान छू रहें है। बोड़ा 400 रुपए किलो तो फुटु 250 रुपएजुड़ी में बिक रहा है।

### रसोई का बजट बिगड़ा

सब्जियों के दाम बढ़ने से गृहणियों के रसोई का बजट बढ़ गया है। आलू और प्याज 40 रुपए जबकि टमाटर 70 से 80 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। थोक व्यापारियों की मानें तो अगले 3 महीने आलू प्याज के दाम सितंबर-अक्टूबर में इनके दाम और बढ़ सकते हैं। बाजारों में आलू मुरैना, इलाहाबाद, आगरा से पहुंच रहा है। 10 दिन में आलू की आवक घटकर आधी रह गई है। बड़े व्यापारियों ने आलू स्टोर लिया था। अब वही आलू ही बाजारों में पहुंच रहा है। अप्रैल में हुई बारिश से प्याज की फसल प्रभावित हुई हैं। थोक बाजार में टमाटर 1600 रूपएं कैरेट बिक रहा है।

### सब्जियों के दाम बढ़ने से ग्राहकी घटी

सब्जियों के दाम में ईजाफा होने से सब्जी व्यापारी भी काफी परेशान। ग्राहक व्यापारियों से सब्जी के दाम पूछते है और आगे बढ़ जाते। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है, जिससे कारण ग्राहक एक किलो के जगह आधा किलो या सवा किलो सब्जी ही घर ले जा रहे है।

### पुरानी बातों को लेकर दो युवकों मारपीट



**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्रांम व्यासकोंगेरा में पुरानी रंजीश को लेकर दो युवकों में हुई विवाद, विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया और गाली गलौज कर कुल्हाड़ी से जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम व्यासकोंगेरा निवासी 52 वर्षीय देवराम कुलदीप पिता फकीर राम जैन ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को सुबह साड़े 9 बजे रवि टांडिया कुल्हाड़ी लेकर बाहर से आया और पुरानी रंजिश को लेकर मेरे साथ गाली गलौच करने लगा। डर शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आज

**भानुप्रतापपुर।** सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी की वृहद जिला कार्यसमिति की बैठक 17 जुलाई बुधवार को सुबह 10:30 बजे से जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन की उपस्थिति तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी/प्रदेश कार्यसमिति/विधानसभा कोर कमेटी सदस्य भाजपा जिला पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य/भाजपा मण्डल प्रभारी सांसद/पूर्व सांसद विधायक/पूर्व विधायक/विधानसभा प्रभारी/विधानसभा संयोजक मोर्चा /प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी/ कार्यसमिति सदस्य भाजपा मंडल अध्यक्ष/महामंत्री मोर्चा जिलाध्यक्ष/महामंत्री प्रकोष्ठ जिला संयोजक/सह संयोजक जिला पंचायत सदस्य/जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष/नगर पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के पार्षदगण /भानुप्रतापपुर मंडल के मोर्चा मंडल अध्यक्ष/जनपद सदस्य को उपस्थित होने की अपील की गई है। यह जानकारी बृजेश चौहान एवं दिलीप जायसवाल जिला महामंत्री ने दी है।

### पशुओं को लगाए गए टीके बीमार का किया गया उपचार

**कोंडागांव।** जिले के दुर्गम ग्राम कड़ेनार और कीलम में मंगलवार को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक डॉ. एस.के.पाण्डेय जिला कोंडागांव के एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के. नाग के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सालय मर्दापाल एवं चलित पशु चिकित्सा इकाई विकासखण्ड कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कड़ेनार एवं कीलम में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दोनों गांव के 142 पशुओं में लम्पि स्किन डिसीज़ तथा 478 पशुओं में गलघोटू एवं एकटंगिया रोग के टीके लगाए गए। 83 पशुओं में कृमिनाशक दवापान तथा 28 पशुपालकों को औषधि वितरण किया गया। 4 बीमार गाय-बैल के रक्त नमूने एवं रक्त पट्टी बनाकर डीआई लैब भेजा गया व उपचार भी किया गया। साथ ही पशुपालन के.सी.सी. के 3 प्रकरण भी बनाए गए। शिविर में मर्दापाल के प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ. के.के.कोर्राम, मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के प्रभारी डॉ. अनिल कटरावत, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आलोक नेताम, संजीत मरकाम, खेमेश्वर साहू, परिचारक गोंडुराम, सनत राम कोर्राम, पैरा वेटेनरी दिनेश कोर्राम उपस्थित थे।

### आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में नहीं है शौचालय

**नगरी।** पिछले 3 साल से शासकीय आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में शौचालय एवं मूत्रालय नहीं है। यहां पढ़ने वाले बच्चों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पालक समिति के अध्यक्ष उमेश नागवंशी, उपाध्यक्ष रोशन लाल द्वारा शिक्षा अधिकारियों को कई बार आवेदन देने के बाद भी अब तक ध्यान नहीं दिया गया। यहां की प्रधानपाठिका अहिल्या साहू, शिक्षकगण दुर्गाबाई, हीरालाल कंवर, राकेश्वरी कोसमा ने इस समस्या से अधिकारी को अवगत करा दिया है। पालक समिति के सदस्यों गणेशराम, राजेश्वर नेताम, कृष्ण कुमार ने शासन- प्रशासन से निवेदन करते हुए जल्द ही आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में शौचालय एवं मूत्रालय का निर्माण करने की मांग की है।

### छात्रों को नोट बुक व स्टेशनरी सामग्री बांटी

**नगरी।** ग्राम बटनहर्रा स्थित प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में डॉ. हेमवती आनंद ठाकुर, प्राध्यापिका इतिहास विभाग बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय धमतरी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को नोटबुक व स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। गौरतलब है कि ग्राम बटनहर्रा के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए यह प्रेरणादायक कार्य डॉ. ठाकुर द्वारा विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। इस अवसर पर डॉ. ठाकुर ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बेहतर जीवन के लिए शिक्षा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

# पूरी निष्ठा के साथ वकालत करें मंजिल जरूर मिलेगी : भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश के महाअधिवक्ता प्रफुल्ल भारत का जिला अधिवक्ता संघ द्वारा मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्ष में स्वागत किया गया। बस्तर जिला बार एसोसिएशन से वकालत का व्यवसाय शुरू करने वाले श्री भारत के छत्तीसगढ़ महाधिवक्ता बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मोहन मिश्रा ने कहा कि बस्तर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता स्व.नरेंद्र भारत जिन्होंने स्थानीय विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाया भी है वे हम सबके गुरु थे। उनके पुत्र को इस पद पर पाकर बस्तर ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरव का अनुभव कर रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक खान ने भी उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पिता स्व. नरेंद्र भारत हमेशा पढ़ा करते थे स्थानीय अधिवक्ताओं को जब भी कोई जानकारी लेनी होती थी तो उनके पास पहुंचने थे और उनका मार्गदर्शन मिलता था निश्चित ही उनके पुत्र में भी उनके पढ़ने का गुण नजर आता है और वे अपने परिश्रम से इस पद पर पहुंचकर बस्तर का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रदेश के महाधिवक्ता श्री भारत ने स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रहता बिलासपुर में हूं लेकिन बस्तरिया ही हूं।

**महाधिवक्ता का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत**



#### वकालत का पेशा एक तपस्या, पहले ज्ञान फिर मिलेगा पैसा

महा अधिवक्ता श्री भारत ने कहा कि वकालत का पेशा एक तपस्या है। आरंभ में पैसा नहीं मिलेगा, ज्ञान मिलता है। मुकदमा के रूप में टेंशन और फीस लेते हैं। लोगों को मुकदमे से बाहर निकालने की संतुष्टि आनंद दायक होता है। पेशा बहुत ही अच्छा है, एक बार मुकाम मिल गाया तो कभी पीछे मुड़ के नहीं देखना पड़ता। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 से वकालत इसी बार में सीखा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सहयोग और मार्गदर्शन भी मिला, उसके बाद बिलासपुर जाकर वकालत किया, आज मुझे वकालत करते हुए 30 साल हो गया है। उन्होंने नए अधिवक्ताओं से कहा कि पूरी निष्ठा के साथ वकालत करें और प्रतीक्षा करें मंजिल जरूर मिलेगी। बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरुण दास ने महाधिवक्ता श्री भारत का स्वागत करते हुए उपस्थित अधिवक्ता गणों से परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव लिखेश्वर जोशी ने किया। इस दौरान बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मिश्रा, उपाध्यक्ष हिलेना मोजेस, कोषाध्यक्ष दिनबंधु रथ अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

## आयोजन : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कार्यों से संबंधित दिए निर्देश

# जनसमस्याओं का करें त्वरित निराकरण, आंबा केंद्रों के विद्युतीकरण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान समय-सीमा प्रकरणों के साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनसमस्या निवारण शिविर, जनशिकायत पोर्टल, आदि माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की।

■ विभिन्न अवसरों पर मिले आवेदनों का करें निपटारा

कलेक्टर श्री दुदावत ने इस दौरान कहा कि बेहतर ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने के लिए ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारी अपने निर्धारित ग्राम पंचायतों में अवश्य जाएं और वहां जनचौपाल में जनता से बातचीत करते हुए स्थानीय समस्याओं की जानकारी लें। जिससे उन समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया जा सके। ग्राम पंचायत के नोडल अधिकारी उन क्षेत्र के आश्रम-छात्रावास, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करें। इसके साथ ही गांव में पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त करें।

कलेक्टर श्री दुदावत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पर प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हाथों पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में देवगुड़ी सहित सार्वजनिक स्थानों और सरोवरों के निकट पौधारोपण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने मलेरिया की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया के प्रकोप हेतु अनुकूल अवसर होने के कारण लोगों को मच्छरदानी के उपयोग सहित सभी सावधानियां बरतने हेतु आवश्यक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को मच्छरदानी का अवश्य उपयोग सुनिश्चित करने एवं सभी खिड़कियों में मच्छररोधी जाली लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया के अत्यधिक संभावना वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख स्थलों को ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी पर्यटन स्थलों के साथ ही जलप्रपात एवं उल्लेखनीय धार्मिक स्थलों का पंजीयन इसके तहत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार स्कूल जतन योजना के क्रियान्वयन में आई शिकायतों की जांच के लिए गठित समिति को एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी के कार्य की गति बढ़ाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले खाद्य निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण कार्य की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा विद्युत संबंधी मांग और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में केशकाल वन मंडलाधिकारी श्री एन गुरुनाथन, अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 34 विद्यार्थियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

ब्लॉक स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शतरंज एवं योगा खेल का संस्कार वैली हायर सेकंडरी कूल के सभागार में हुआ।15 जुलाई को एसजीएफआई के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय शालेय क्रीड़ा, शतरंज योगा खेल चयन प्रतियोगिता संस्कार वैली स्कूल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों सेजस एवं हा.से.भानु, संस्कार वैली, सेंट जोसेफ, हा. से. कच्चे, भिरागांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह चयन प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर में हुई। आयोजन के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर ब्लॉक के क्रीड़ा प्रभारी रीखिराम साहू , संस्था की उप प्राचार्या श्रीमती हेमलता कोठारी, पवन शांडिल्य,संस्था के पी. टी.आई विकास चंद्रिकापुरे, नम्रता देवांगन एवं विभिन्न विद्यालय से आये पी.टी.आई कमल गोटा, टीजेंद्र यदु, लालसिंग ठाकुर, के.एस उसारे, पूर्णिमा नेताम, बुधियारीन कुमेटि, पुष्पांजलि। सहयोगी के रूप में आस्था दुबे,आतांशी राहा,आकांक्षा नायक शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में संस्कार वैली से 18,सेंट जोसेफ से 11 एवं सेजस भानु से, 5 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। जो आज कांकेर में संपन्न होगी।

**एम्स के डॉक्टर ने दी ट्रेनिंग काउंसलर दे रहे गांव-गांव में दस्तक**

# अब नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल में मिर्गी का होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा




भारत सरकार दिल्ली की एम्स न्यूरोलॉजिस्ट डॉ ममता भूषण सिंग ने अपने रिसर्च टीम के साथ सिविल अस्पताल नगरी में एक दिवसीय शिविर लगाकर 180 मिर्गी के मरीजों की जांच की। मरीजों को अलग अलग प्राथमिक स्वास्थय केंद्र के हिसाब से सूचीबद्ध किया गया है ताकि उसकी देखभाल कर इलाज आगे भी निरंतर किया जा सके।

■ शिविर में मिले मरीजों की सूची बनाकर निरंतर की जा रही देखभाल

एम्स दिल्ली की डॉक्टर ने नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल के डॉक्टर, मेडिकल ऑफ़िसर, आरएमए, स्टाफ़ नर्स को एक स्पेशल ट्रेनिंग दी ताकि अपने स्तर पर प्रथम चरण में इलाज कर सके। दूसरे चरण के लिए दिल्ली के काउंसलर जो नगरी ब्लॉक में मौजूद हैं, वे लगातार सभी अस्पतालों में जाकर अस्पताल के रजिस्टर से मिर्गी मरीजों का नाम सूचीबद्ध कर रहे हैं। साथ ही वे ग्रामीणों को जागरूक भी कर रहे हैं। तीसरे चरण में गंभीर हालत के लिए सीधे एम्स के डॉक्टर से संपर्क कर इलाज करने की सुविधा बताई गई है। अब मिर्गी पीड़ित व्यक्ति का अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में इलाज कर उसे पूरी तरह से स्वस्थ करने का काम चालू हो गया है। अब मिर्गी पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

सोमवार को पीएचसी सांकरा में डॉ किशोर साहू आरएमए, शीतल मिश्रा दिल्ली एम्स, यजुवेंद्र सोम फ़ार्मासिस्ट, कविता साहू उपस्थित थे। इन्होंने चर्चा में बताया कि भारत सरकार के दिल्ली एम्स की सुविधा से निश्चित ही मिर्गी के बीमार लोगों का बढ़िया से इलाज किया जा सकता है और आने वाले समय में इस बीमारी पर बहुत जल्द ही नियंत्रण भी हो पाएगा। इसके लिये ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इधर नगरी के बाद अब ग्रामीणों ने आगामी दिनों में पीएचसी सांकरा में शिविर लगाने की मांग की है।

# युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में मंगेतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने एक माह पूर्व आत्महत्या कर लिया था। जांच के दौरान पता लगा कि जिस युवक के साथ उसकी दिसम्बर माह में शादी होनी थी इस बीच उसने शादी से इंकार कर दिया था। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी मगेंतर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व ए ए स पी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच की जा रही थी। बोधघाट थाना क्षेत्र के मेटगुड़ा में रहने वाली युवती गुंजन मण्डल ने 11 जून को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। टीम को जांच के दौरान पता लगा कि युवती का जिस युवक से शादी होने वाला था उसने शादी से इकांर कर दिया था और आत्महत्या करने के लिए प्रेरित कर रहा था। मृतिका गुंजन 38 वर्ष एवं आरोपी दीपक बाघ 40 वर्ष का दिसम्बर माह में शादी तय हुआ था दोनों आपस में मिलते जुलते रहते थे और उनके बीच सम्बन्ध भी बने थे।

■ शादी हो गई थी पक्की, मिलना जुलना भी होता था फिर कर दिया शादी से इंकार

आरोपी ने गुंजन से शादी करने इंकार कर दिया था इस बीच मृतिका अपने परिवार के साथ आरोपी दीपक बाघ से बात करने के लिए गई थी जहां आरोपी ने परिवार के सामने ही गाली, गलौज कर अभद्र शब्द बोलते हुए तुझे जीने का कोई हक नहीं है तुझे मर जाना अच्छा हैं कहकर प्रताड़ित कर गाली गलौज करके भगा दिया था। इस बीच वह दूसरी युवती से शादी करने भी प्रयासरत था जिससे वह परेशान थी और शादी से इंकार किए जाने से गुंजन मण्डल ने 11 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार बाघ निवासी मेटगुडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



#### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक सोनामनी मंडावी, आरक्षक भैरव सिन्हा, होरी लाल आर्मो व त्रिनाथ कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एफएलसीआरपी तथा बैंक सखी को बेहतर वित्त प्रबंधन बताया

# माकड़ी में दिया गया वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला कोंडागांव तथा आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस कड़ी में वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में किया गया। इसमें विभिन्न एफएलसीआरपी तथा बैंक सखी को बेहतर वित्त प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जो उनके जीवन के लिए प्रासंगिक है और जिससे वे नकदी व ऋण का बेहतर उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

वित्तीय साक्षरता के तहत स्वयं सहायता समूह को चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश कोष तथा बैंक लिंकेज का लाभ लेकर लखपति दीदी बनने के सफर में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अलावा संकट के समय और वृद्धावस्था के दौरान वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सरकार के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं का स्वयं सभी को लाभ लेने तथा परिवार और आसपास के लोगो को भी इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, आकांक्षी विकासखंड फेलो, क्षेत्रीय समन्वयक, एफएलसीआरपी तथा बैंक सखी उपस्थित थे।




## पेज 9 के शेष

### लापरवाही से हुई...

स्वंय की लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चलाकर बीजा के पेड़ से टकराने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 304 (ए) भादवि. का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।

### विधायक ने किशनपुरी...

मरकाम, ग्राम पटेल गंगाराम निरंगना, कोमल नेवरा, विधायक मीडिया प्रभारी अशोक जैन, सुरज मंडावी, पंचायत सचिव संजय कलिहारी, शाला के प्राचार्य कमलेश यादव एवं विद्यालय शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं सहित भारी संख्या में गांव ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाइक बनवाने...

बचाव करने आए तो उन दोनों को भी हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किया है, जिससे हम लोगों को चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मौसम की बेरूखी...

तक रेट महंगा ही रहेगा। संभवतः अगस्त के आखरी सप्ताह में ही हरी सब्जियों के दाम कम हो सकते हैं। लोग भाव पूछकर आगे बढ़ रहे हैं। भीड़ अधिक दिख रही है लेकिन खरीददार कम हैं।

### पुरानी बातो को...

के कारण घर के अंदर चला गया, फिर भी वह मेरे दरवाजे के सामने रोड में खड़ी मोटर सायकल और उसमे रखे वाद्य यंत्र को तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया और गाली देते हुए आज तेरे को टंगिया से मार दूंगा कहकर धमकी दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (3), 324 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस हार मानने और तरस खाने वाली पार्टी नहीं : राय

**जगदलपुर।** नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने भाजपा मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी के



जारी बयान पर पलटवार करते कहा कि कांग्रेस हार मानने और तरस खाने वाली पार्टी नहीं है, जनता हमारे साथ है। चाहे वो नगरीय निकाय हो या फिर देश की सत्ता यही कारण है कि कांग्रेस 99 सीट लेकर मजबूत विपक्ष के तौर पर खड़ी है। शहरी सत्ता भी कांग्रेस की ही थी और आज कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका समझाने वाले विपक्ष में रहते कुछ नहीं कर सके। जनादेश को पलटना, दबाव की राजनीति करना भाजपा की पुरानी आदत है। यही कारण है कि प्रदेश में सरकार बनते ही भाजपा ने कांग्रेसी महापौर को प्रलोभन और दबाव की राजनीति के तहत भाजपा प्रवेश करवाया। नगर सरकार का दावा करने वाली भाजपा को जनता नकार चुकी है। जनता के मसले और अधिकार की लड़ाई लड़ने से भाजपा डर रही है।

### चयन समिति की हुई बैठक



**लोहण्डीगुड़ा।** विकासखंड में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप व छात्रावास हॉस्टल अधीक्षक, अधिक्षिका में उपस्थिति में छात्र चयन समिति की बैठक हुई। सभी छात्राओं को सम्मानजनक स्थान चयनित किया गया है। छात्रों का भर्तियों में घर से स्कूल अधिक दूरी व स्थानीय ब्लॉक के छात्र छात्राओं को पहली प्राथमिकता दिया गया। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी या स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचना देने को कहा हैं। इस दौरान लोहण्डीगुड़ा एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा, मंडल संयोजक करण बघेल, जनपद सदस्य बसंत कश्यप, जनपद सदस्य बोंजा मौर्य, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष तुलू कश्यप, भरत कश्यप, मोती कश्यप,धनीराम सेठिया, सीताराम मण्डावी, तुलसी सिन्हा, धर्मेन्द्र यादव, विनय मौर्य सहित उपस्थित थे।

### विवि और महाविद्यालय में 22 जुलाई तक मुक्त प्रवेश

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान विश्वविद्यालय में संचालित समस्त अध्ययन शालाओं ने प्रवेश की स्थिति की जानकारी उन्हें दी। कुलपति ने अध्ययनशाला और संबद्ध महाविद्यालयों को शत प्रतिशत प्रवेश करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि अध्ययनशाला और महाविद्यालय में अब 16 से 22 जुलाई तक मुक्त प्रवेश दिया जाएगा। जिन कोर्सेस में सीट रिक्त है और छात्र ने ऑनलाइन आवेदन किया है, छात्र सीधे संबंधित अध्ययनशाला या महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकता है। छात्र को अपने साथ जरूरी दस्तावेज और ऑनलाइन फॉर्म की कॉपी साथ लानी होगी। मौजूदा सत्र में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय पीजी के साथ यूजी की भी पढ़ाई छात्र कर पाएंगे।

घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

# पीएम मोदी की परिकल्पना से बस्तर विकास की ओर अग्रसर : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वन तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप जवाहर नवोदय विद्यालय ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में जिले में शिक्षा के स्तर में व्यापक बदलाव लाने एवं अंदरूनी क्षेत्रों में पहली बार स्कूल खुलने की खुशी स्कूली बच्चों के उमंग और उत्साह का डाक्यूमेंट्री विडियो का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।

■ **अंदरूनी क्षेत्र के हजारों बच्चों को शिक्षा से जोड़ा**



उन्होंने अपने उद्बोधन में कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बीजापुर जिला अब शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छूने लगा है। विष्णुदेव साय सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच अब सुनिश्चित हो रही है। बीजापुर के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें सही अवसर मिलना चाहिए केन्द्र और राज्य सरकार के योजना से समूचे बस्तर के आदिवासी बच्चों का भविष्य बेहतर हो रहा है। बीजापुर का नवोदय विद्यालय राज्य में दूसरे स्थान पर है यह जिले के लिए गर्व की बात है यहां केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में उच्चस्तर के शैक्षणिक संस्थान है जिससे जिले के बच्चों का बेहतर भविष्य तय हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा में व्यापक बदलाव आएगा शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने कई बड़े फैसले लिए है। स्कूलों की अद्योसंरचना, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण, गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन छात्रवृत्ति सहित तमाम योजनाएं बेहतर शिक्षा के लिए कारगर सिद्ध हो रही है।बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर के विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल जैसे बुनियादि सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना से बस्तर अब विकास की ओर अग्रसर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित सभी बुनियादि सुविधाएं, व्यक्तिमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन अब जमीनी स्तर पर हो रही है।विधायक विक्रम शाह मंडावी एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने शाला प्रवेशोत्सव पर सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शिक्षा के स्तर में सुधार लाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशोंर् पर अमल करते हुए मुतवेंडी कांवड़गांव, डुमरीपालनार जैसे सुदूर एवं संवेदनशील गावों में पुनः स्कूल खोला गया जिसमें हजारों बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया।

शिक्षा के साथ-साथ नियद नेल्लानार योजना के तहत बिजली, पानी, राशन जैसे बुनियादि सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस दौरान इन 25 स्कूलों के स्थानीय स्तर पर नियुक्त शिक्षादूतों का सम्मान किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को फूल, माला, मिठाई एवं तिलक, चंदन लगाकर मुख्य अतिथि केदार कश्यप द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान शंकर कुड़ियम,कमलेश कारम, बसंत राव ताटी, नीना रावतिया उद्दे, बी पुष्पाराव, भाजपा नेता जी वेंकट, श्रीनिवास मुदलियार, पुलिस अधीक्षक डा. जितेन्द्र यादव, डीएफओ सामान्य रामाकृष्ण, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**सांसद को मिली वीर सावरकर के जीवनी की पुस्तक**

जिला प्रशासन के अभिनव पहल घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेयरी का शुभारंभ मुख्य अतिथि केदार कश्यप द्वारा किया गया। नीति आयोग से प्राप्त राशि के द्वारा जिले के सभी घरों में कम से कम 10 पुस्तकें जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। यह पुस्तकें लोगों के मांग पर उनके मनपसंद साहित्यकारों का पुस्तके दी जाएगी। लोगों के मांग के अनुरूप पुस्तक की भाषा, विषय, साहित्यीक, दर्शन, सामान्य ज्ञान सहित सभी प्रकार की प्रत्येक इच्छानुसार पुस्तकें दी जाएगी। जिससे लोगों को अपने घर में ही लाईब्रेयरी का अनुभव हो सकेगा। घर-घर पुस्तक, हर-घर लाईब्रेयरी के शुभारंभ के दौरान उन्होंने लाभार्थियों को पुस्तक वितरण किया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री को एक भारत श्रेष्ठ भारत पुस्तक एवं सांसद महेश कश्यप को वीर सावरकर के जीवन पर आधारित पुस्तकें भेंट की।

### विधायक लखेश्वर ने बसन्तरी माता मंदिर का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम पंचायत टलनार पहुंचने के उपरांत ग्राम की माता, बहनों ने पुष्पगुच्छ देकर एक-एक करके आत्मीय भेंट मुलाकात कर स्वागत किया गया। ग्राम प्रमुखों के अनुरोध पर विधायक लखेश्वर ने फीता काटकर नवनिर्मित बसन्तरी माता मंदिर का उद्धघाटन किया और माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के प्रति सुख समृद्धि की कामना की। सर्वप्रथम विधायक ने सभा स्थल पर लोगों को सम्बोधित करते हुए नवनिर्मित माता मंदिर बनने के उपलक्ष्य में समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

विधायक ने कहा कि यह मंदिर बनने से मातागुड़ी में जनसेवा के प्रति लोगों में हर्षउल्लास आना जरूरी हैं। माता का सेवा करना ही मानव जीवन की धर्म हैं। यह सेवा युवाओं को लगाव रखना जरूरी हैं। आने वाले समय में संस्कृति को बढ़ावा देना यह एक इंसान का कर्तव्य होता हैं।

इस दौरान जानकी राम भारती, गुप्ती, मानसिंह, मंगलसाय, सुदन सिन्हा, खगुराम, गंगाराम, बिमों, कार्तिक, मंगलदास, कमल, अनतराम, गुरसन, लुप्तेसश्वर, जितेंद्र तिवारी राजेश कुमार, एवं समस्त कार्यकर्त्ता एवं ग्रामवासी माता बहनें उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा में हुड़दंग करने वाला गया जेल

**किरंदुल।** भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा के दौरान हुड़दंग करने वाला हुड़दंगी रोहित राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शहर में सोमवार को भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा फुटबाल ग्राउंड के पास से राघव मंदिर तक जा रही थी। इस दौरान आईबीपी पेट्रोल पंप के पास नशे की हालत में युवक हल्ला मचाते हुए हुड़दंग मचाने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ा और कार्रवाई की।



## दो माह पहले राशि निकाल ली, काम शुरू नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड विकासखंड के कई ग्राम पंचायतों में आस्था के केंद्र देवगुड़ी और मातागुड़ी जीर्ण शीर्ण हालत में हैं। जिनके जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है। ग्राम पंचायत उड़यिपाल के डेंघगुड़ा बस्ती में बावड़ी मातागुड़ी निर्माण के लिए बस्तर विकास प्राधिकरण मद से 3 लाख रूपए की स्वीकृति सन 2023 -24 में मिली थी। इस स्वीकृत राशि में से डेढ़ लाख रुपए 2

■ **फील्ड कर्मचारी और सरपंच के लापरवाही से काम में आ रही बाधा**

माह पहले ग्राम पंचायत द्वारा निकाल लिए गए हैं। बावजूद मातागुड़ी का निर्माण शुरू नहीं कराया गया है। बावड़ी माता आज भी खुले आसमान के नीचे जर्जर हो चले चबूतरे पर विराजमान हैं। चबूतरे पर काई भी लग चुकी है। धूप, बारिश और ठंड के मौसम में माता रानी खुले आसमान तले विराजित रहकर गांव वालों की रक्षा करती आ रही हैं। ग्रामीणों ने माता के लिए एक गुड़ी बनवाने की फरियाद विधायक एवं शासन से की है। राशि स्वीकृत हो गई और उसमें से आधी रकम निकाल भी ली गई, मगर निर्माण कार्य का अता पता नहीं है। गुड़ी बनवाने के लिए सीमेंट की इंटें और बजरी मंगवा कर गुड़ी के पास रखवा दी गई हैं। वहीं कॉलम खड़े करने के लिए महज एक एक फुट गहरे गड्ढे करवाए गए हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इसमें बमुश्किल 20 हजार रुपए ही खर्च हुए होंगे। बाकी 1 लाख 30 हजार रुपए कहां गए इसकी जांच होनी चाहिए।

**पंचायत का भगवान ही मालिक**

उड़ियापाल के सरपंच घीवनाथ बघेल मातागुड़ी निर्माण की स्वीकृति से अनजान हैं। वे कहते हैं कि मातागुड़ी निर्माण की स्वीकृति किसने दी है,कौन बनवा रहा है और किस जगह पर मातागुड़ी बन रही है, इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आप रोजगार सहायक से जानकारी ले लो। वहीं ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक फरमाते हैं मैं तो सिर्फ निर्माण कार्य पर नजर रखता हूं। सरपंच सचिव सारा काम कराते हैं। पंचायत सचिव गुलमिल सिंह ठाकुर ने मातागुड़ी निर्माण की जानकारी मांगने पर मौन व्रत धारण कर लिया। सरपंच को अपनी ही पंचायत में चल रहे कायोंर् की जानकारी न हो और पंचायत कर्मी जिम्मेदारी से पीछे हटने लग जाएं, उस पंचायत का तो भगवान ही मालिक है।

**जल्द शुरू होगा काम**

उड़ियापाल के डेंघगुड़ा पारा में मातागुड़ी निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

-एसएस मंडावी,
सीईओ जनपद बकावंड

*स्वास्थ्य मंत्री से मिलने पालक इंतज़ार करते रहे लेकिन मंत्री पीड़ित परिवारों से नहीं मिलेः नीना*

## भाजपा सरकार बस्तर के आदिवासियों को षड्यंत्र पूर्वक खत्म करना चाहती हैः मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि पोटाकेबिन में अध्ययनरत दो छात्राओं की मौत दुःखद है। तरलागुड़ा और संगमपल्ली पोटाकेबिन में मलेरिया से छात्रों की हुई मौत को रोका जा सकता था। इस घटना से पालकों में डर और भय का माहौल है। पालक अपने बच्चों को पोटाकेबिन से वापस घर ले जा रहे है। इन सारे चीजों को देखने से ऐसा लगता है कि प्रशासन के निचले स्तर से लेकर बड़े स्तर तक लाफ़रवाही बरती गई है। इस मामले में जिला प्रशासन पूरी तरह दोषी है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार से न तो सरकार संबल रही है और न ही स्वास्थ्य सेवाएँ संबल रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर तो आतें है लेकिन वे पीड़ित परिवारों से मिलने नहीं जाते केवल औपचारिकता निभाने बीजापुर आकर वापस चले जातें है ये दुर्भाग्य की बात है।



प्रेसवार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार षड्यंत्र पूर्वक बस्तर के आदिवासियों को किसी न किसी तरीक़े से हत्या कराना चाहती है। चाहे निर्दोष ग्रामीणों का फर्जी मुठभेड़ हो, चाहे नक्सली की गोलियो से हत्या हो या फिर चाहे बीमारियों से मौत हो हर तरह से आदिवासियों की ही मौत हो रही है। भाजपा सरकार आदिवासियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल है इसलिए कांग्रेस पार्टी की मांग है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफ़ा दे देना चाहिए।

वहीं प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जांच दल की संयोजक नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से आदिवासी क्षेत्र में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। पोटाकेबिन में अध्ययन करने वाले छात्रायें मलेरिया से ग्रसित है और भाजपा सरकार में छात्रों का मलेरिया से इलाज नहीं हो पाना दुःख की बात है। सोमवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर के दौरे पर रहे पीड़ित परिवार के लोग स्वास्थ्य मंत्री से मिलना चाहते थे लेकिन मंत्री बीजापुर में ही औपचारिकता निभाकर चले गये। नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि छात्रावासों में न नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता है और न ही स्वच्छता का ख़्याल रखा जा रहा है जैसे ही किसी छात्रा का तबियत ज़्यादा ख़राब हो जाती है तो अधीक्षक छात्र का इलाज करवाने के बजाय उसे परिजनों को घर ले जाने को कहा जाता है। नीना रावतिया उद्दे ने आगे कहा कि जिले में अधीक्षक से लेकर बड़े अधिकारी केवल भ्रष्टाचार करने में लगे है।

विदित हो कि तारलागुड़ा और संगमपल्ली पोटाकेबिन में अध्ययनरत छात्रों की मलेरिया से हुये मौत को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने ज़िला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री नीना रावतिया उद्दे के नेतृत्व में 9 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था, जिसमें नीना रावतिया उद्दे को जांच दल का संयोजक एवं सरिता चापा जिपं सदस्य, पार्वती कश्यप जिपं सदस्य, संतकुमारी मंडावी जिपं सदस्य, गीता कमल अध्यक्ष-जिला महिला कांग्रेस, निर्मला सरपल्ली अध्यक्ष जपं, अनिता तेलम अध्यक्ष जपं, बोधी ताती अध्यक्ष-जिपं , रिंकी कोराम, अध्यक्ष नगर पंचायत आदि को जांच दल का सदस्य बनाया गया था। जांच समिति के सदस्यों से अविलंब प्रभावित पोटाकेबिनों का दौरा कर पीड़ितों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट, चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने का आग्रह किया गया था। जांच दल ने सोमवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था।

प्रेसवार्ता के दौरान लालू राठौर, शंकर कुडियम, बसंत राव ताटी, सोमारु कश्यप के अलावा कांग्रेसी मौजूद थे।

### शासकीय माध्यमिक शाला कोरकोटी में न्योता भोज एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभान्वित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। गीदम अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोरकोटी में डॉ कविता स्वामी ने न्योता भोज का आयोजन करवाया। डॉ कविता स्वामी जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर की भूतपूर्व छात्रा भी



रह चुकी है। न्योता भोजन से बच्चों को नया स्वाद एवं पौष्टीक भोजन मिल सके अंदरूनी विद्यालय के विधार्थियों तक इसका लाभ मिले डॉ. कविता की मंशा रही। न्योता भोजन में शाला से उपस्थित 25 विधार्थियों के साथ समुदाय/शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल समन्वयक हितामेटा बनित कुमार नाग एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। न्योता भोजन में खीर, पूड़ी, पनीर, हरा सब्जी आदि शामिल किया गया। भोजन के पश्चात सभी के सहयोग से शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया।

भावभीनी विदाई दी गई, दंडक गुफा के खोज में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा

## फारेस्ट गार्ड से रेंजर पद तक पहुंचने वाले रामदास हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

बाल्य अवस्था से ही कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के गांव नेगानार में बचपन बिताने वाले रामदास बघेल की नियुक्ति कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बीट तीरथगढ़ में फारेस्ट गार्ड के रूप में हुई थी, अपने कर्मठ सेवा के चलते वे फारेस्ट गार्ड से रेंजर पद तक पहुंचे।

इनकी जीवंत सेवा का प्रत्यक्ष उदाहरण है की वे छोटे से पद से लेकर रेंजर पोस्ट तक पहुँचे, इस दौरान उन्होने कुटुमसर, बकावंड, गीदम, कुटरू, बीजापुर जैसे क्षेत्रों में कार्य किया और नक्सली चुनौती जैसे क्षेत्रों में कार्य करना स्वीकार किया। सरल स्वभाव के रामदास बघेल का ग्रामीणों से मधुर संबंध है, जिसके चलते वनरक्षा में इन्हे ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। बताया जाता है किया कांगेर घाटी राष्ट्रीय



उद्यान में स्थित पर्यटन स्थल दंडक गुफा के खोज में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुटुमसर एवं तीरथगढ़ क्षेत्र में पर्यटन सुविधा विकसित करने में भी उन्होने अपने उच्चधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वनक्षेत्र से भलीभांति परिचित होने के कारण स्थानीय वन्य जीव जंतुओ के प्रति विशेष जानकारी हासिल है। लगभग 40 साल फारेस्ट विभाग में सेवा देने के पश्चात इनकी सेवा निवृत्ति हुई है। सेवा निवृत होने के पश्चात स्थानीय वनकर्मियों एवं लोंगो ने तीरथगढ़ में इनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया। जहां विशेष रूप से मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त आरसी दुग्गा उपस्थित रहे। जिन्होंने इस अवसर पर कहा की पिछड़े क्षेत्रों से किसी व्यक्ति का संघर्ष करते हुए उच्च पदों पर पहुंचना गौरव की बात है, जिससे स्थानीय लोंगो को आगे बढ़ने की प्रेणा मिलती है।

इस अवसर पर उन्होंने सेवा निवृत्त रामदास बघेल को आगे के जीवन के लिए शुभकामनायें दी। गौरतलब है कि अपने अलग अलग क्षेत्रों में सेवा के चलते रामदास बघेल ने अपने बच्चों के शिक्षा दीक्षा में कोई कोताई नहीं बरती, उनके 5 बेटे है जो पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, और वन विभाग में अपनी सेवा दे रहे है। विदाई के अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों और सहकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा की आप सबके सहयोग से मैं यह मुकाम हासिल कर सका।



**खबर संक्षेप**

### 30 छात्राओं को मिला 2 माह का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण



**चारामा।** चारामा के पार्लर एकेडमी में विश्व कौशल विकास दिवस जन शिक्षण संस्थान कांकेर के प्रमुख डायरेक्टर राजकुमार टंडन के आतिथ्य में विदाई समारोह युवा दिवस मनाया गया। जिसमें लगभग 30 आदिवासी छात्राओं ने 2 माह तक प्रशिक्षण लिया है।

इस अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण कर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण निः शुल्क प्रदान किया गया। डायरेक्टर ने बताया कि युवा आत्मनिर्भर होकर निसंकोच कार्य करें। सरकार कि कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है, जिनका लाभ उठाने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक चंद्रकांति नागे ने कहा कि हाथ में हुनर है तो कदर है। कहीं किसी के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा स्वावलंबी होकर कहीं भी कार्य कर सकते हैं। छात्रों ने भी प्रतिभा अनुसार अनुभव रखें जिसको सभी ने सराहना किया। कार्यक्रम में कौशल विकास विभाग की ओर से संजय ठाकुर कार्यक्रम अधिकारी, ऑपरेटर जय साहू, एपीओ अशोक कुमार पटेल, जय पटेल सहित अन्य विभाग कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसमस्या निवारण शिविर धनेसरा में 18 को

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साल का पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना क्लस्टर के आश्रित ग्राम पंचायत धनेसरा में 18 जुलाई को आयोजित होगा। उक्त शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें सरोना क्लस्टर के ग्राम भैंसमुंडी, गंवरसिल्ली, भिरौद, अभनपुर, धनेसरा, देवरीबालाजी, मानिकपुर, बुदेली, करप, डंवरखार, मुड़पार, सरोना, चोरिया, साल्हेभाट, कुम्हानखार, सारण्डा, लेण्डारा, बांसपत्तर और ग्राम रावस के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियां को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### डॉ. लालवानी अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

**कांकेर।** अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपनी ने



एक आदेश जारी कर स्थानीय लोकप्रिय चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीचंद्र लालवानी को अखिल भारतीय सिंधी समाज का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर विगत 50 वर्षों से भी अधिक समय से कांकेर में अत्यंत लोकप्रिय निजी चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं। कांकेर नगर पालिका के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा कितने ही गरीब मरीजों से उन्होंने कभी फीस चार्ज नहीं की और अपने कर्तव्य पालन के लिए 24 घंटे सेवा भाव के साथ तत्पर रहते हैं। अपने समाज की पूज्य पंचायत के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लोकप्रियता कांकेर के प्रत्येक समाज में है, क्योंकि अत्यंत मिलनसार समाज सेवक हैं। प्रदेश की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी द्वारा डॉक्टर लालवानी को साधुवाद देते हुए कहा गया है कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर आपने पूज्य पंचायत का सम्मान सारे देश में बढ़ाया है।

# नायब तहसीलदार प्रमोशन पर गए बिलासपुर, समारोह में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

नायब तहसीलदार उमाकान्त जयसवाल का तहसीलदार पद पर प्रमोशन होने से उनका स्थानांतरण जांजगीर चापा, बिलासपुर होने पर उनकी विदाई सामारोह व प्रमोशन पार्टी भानुप्रतापपुर के होटल तराशा मे सम्पन हुआ। जिसमे समस्त तहसील स्टाफ व पटवारी स्टाफ राजस्व निरीक्षक व लोक सेवा केन्द्र के कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

तहसीलदार जायसवाल को उनके उज्वल भविष्य कि कामना की गई। उन्हें श्रीफल शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार उमाकांत जायसवाल ने भी अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यकाल में आप लोगों का सहयोग पूरा मिला इसके लिए आभारी रहूंगा। साथ ही प्रमोशन एवं स्थानांतरण शासन की सतत प्रक्रिया है, जिसमें आदेश नियम का पालन करते हुए जाना ही पड़ता है।साथ ही आप सभी अच्छे से कार्य करें और शासन के विभिन्न योजनाओं एवं विकास पर सहभागिता निभाएं क्षेत्र के लोगों का सेवा ईमानदारी एवं सच्चे मन से करें।

**शाल-श्रीफल देकर उमाकांत का किया सम्मान**



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर तहसील दुर्गुकोंदल के राजस्व निरीक्षक संतोष टोपा, पटवारी जय कश्यप, सोमेश्वर उुरसेण्डी, संजय सिन्हा सहायक ग्रेड, श्याम सिंह उसेंडी, नारद नायक, नकुल भेड़िया, खिलेश जैन एव लोक सेवा केंद्र की कर्मचारी उपस्थित रहे ।


### सुविधा : जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाए जा रहे

# आयुष्मान कार्डः 6 लाख 85 हजार 395 हितग्राही करा चुके पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एमसीएच कांकेर, एमसीएच पखांजूर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है।

कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा आम जनता से अपील की गई कि जिन्होंने अभी तक अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा पाए हैं, वे छूटे हुए हितग्राही अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर के साथ अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर अपना तथा अपने परिवार का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि जिले के ऐसे नागरिक जिसका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, वे अपने संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों से संपर्क कर अपना तथा अपने परिवार के छूटे हुए सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। परिवार के सभी सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान कार्ड



बनाया जाता है, जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कुल लक्ष्य 7 लाख 42 हजार 958 है।

जिसमें से 6 लाख 85 हजार 395 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन हो चुका है, जो कि लक्ष्य का 92.26 प्रतिशत है और साथ ही कांकेर जिला छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर है। विकासखण्ड चारामा में 97.74 प्रतिशत, नरहरपुर में 95.99 प्रतिशत, कांकेर में 92.71 प्रतिशत, कोयलीबेड़ा में 92.44 प्रतिशत, भानुप्रतापपुर में 90.50 प्रतिशत, दुर्गूकोंदल में 86.39 प्रतिशत तथा अंतागढ़ में 84.31 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन हो चुका है।

## श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भगवान कृष्ण की निकली झांकी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

नगर के थानापारा वार्ड क्रमांक 05 में 11 जुलाई से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया रहा है। भुवन लाल कठोलिया द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय पुष्पा बाई के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित भागवत कथा में सोमवार को भगवान कृष्ण के प्राकट्य जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। कथा का वाचन पंडित दाऊलाल तिवारी के द्वारा किया जा रहा है। थानापारा वार्ड क्रमांक 05 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भगवान कृष्ण के रूप में एक नन्हे बालक को लेकर वासुदेव रूपी पिता की सुंदर झांकी निकली गई। भगवान कृष्ण के इस प्राकट्य उत्सव के सभी साक्षी बने और उत्सव मनाया। मंगलवार को श्री कृष्ण की बाललीला, गोवर्धन लीला, रासलीला और रुक्मिणी मंगल की कथा हुई। भगवान की बाललीला की कथा के दौरान कथा व्यास महाराज दाऊलाल तिवारी ने कहा कि समर्पण से ही भगवान मिलते है। भगवान को प्राप्त करना है तो लोगों को जीवन में मद, मोह, मत्सर, अहंकार को त्यागकर समर्पण भाव से भगवान की भक्ति करनी होगी तभी आपको भगवान की प्राप्ति होती है। रुक्मिणी मंगल की कथा के दौरान सूंदर झांकी निकाल कर शादी के सभी रीतिरिवाजों के साथ भगावन कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह रचाया गया एवं इस दौरान भगवान वासुदेव की शादी में सभी जूम उठे।

## खमडोढ़गी में आयोजित की गई एकदिवसीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

खमडोढ़गी के शासकीय विद्यालय में नेहरू युवा केंद्र और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में शाला त्यागी युवाओं के लिए एचआईवी एड्स पर जागरूकता संवेदीकरण एक दिवस कार्यशाला का आयोजन रखा गया था एवं यह कार्यशाला में 50 की संख्या में युवा युवतियों लिए रखा गया था। आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर इशरत बेगम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण देते हुए एचआईवी एड्स विषय पर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेष तौर पर एचआईवी एड्स मनुष्य के शरीर में किस प्रकार प्रभाव डालता है। एचआईवी एड्स के लक्षण इसके फैलने के कारण तथा रोकथाम एवं उपाय संबंधित जानकारियां बताई गई। साथ ही यह जानकारी अपने ग्रामीण युवा साथियों के साथ साझा करने तथा ग्राम के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे नेहरू युवा केंद्र के जिला अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को अपना अनुभव साझा किया एवं नेहरू युवा केंद्र के गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यशाला को समाप्ति की ओर ले जाते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए और कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

- **नेहरू युवा केंद्र और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन**

## पेंशनधारी कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला कांकेर के पदाधिकारियों एवं तहसील अध्यक्षों की जिला स्तरीय बैठक श्रीराम शोरी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक मे सरोना, चारामा, कांकेर, भानुपरतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ के तहसील अध्यक्ष उपस्थित रहे, जिलाध्यक्ष ठाकुर नरहरसिंह राठौर के लम्बे समय से अस्वस्थ रहने एवं संगठन को समय नही देने के कारण संगठन को सक्रिय करने सर्व सहमति से दिलदार ठाकुर को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया, अध्यक्ष के सहमती उपरांत जिला सचिव लीलाराम सेन, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा को नियुक्त किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया, जिला स्तरीय उपाध्यक्ष, सहसचिव, संगठन सचिव, परामर्शदात्री समिति, राज्य स्तरीय प्रतिनिधि की नियुक्ति, तहसील स्तरीय चुनाव, 24 जुलाई को चारामा में आयोजित जिला



स्तरीय बैठक में किया जाएगा। वर्तमान में छत्तीसगढं पेंशनधारी कल्याण संघ में सदस्यों की संख्या 1 हजार 50 है। सदस्यता अभियान को लगातार गति देने तहसील अध्यक्षों से कहा गया। कुछ सेवानिवृत्त साथियों को सेवानिवृत्त पश्चात मिलने वाले परिलाभ जो विकास खंड शिक्षा कार्यालय से मिलना था। 2021 में सेवानिवृत्त हुए साथी आज भी परिलाभ के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। जिन्हें परिलाभ दिलाने एक प्रतिनिधित मंडल संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी से सौजन्य भेंट करने वाले है।

## मसीह समाज के लोगों ने विधायक को कब्रिस्तान के लिए दिया आवेदन



**कांकेर।** मसीह समाज के पदाधिकारियो द्वारा कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम को उनके गृह ग्राम बेवरती में उनके अंगना कार्यालय में मुलाकात की। मसीह समाज में अगर किसी परिवार में किसी व्यक्ति का देहांत हो जाता है तो उन्हें दफनाने के लिए बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पदाधिकारियों ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापित हुआ है, तब से मसीह समाज के लोगों ने कई बार आवेदन हर एक कलेक्टर को हर एक विधानसभा विधायक को हर साल देते हैं। कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम को आशा और विश्वास करते हुए मसीह समाज के लोगों ने उनकी कब्रिस्तान की मांग के लिए विनती किया। क्योंकि अगर किन्ही मसीह परिवार में अगर किन्हीं की मृत्यु होती है उसे दफनाने के लिए बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मसीह समाज के लोगों ने निवेदन किया विधायक से की उन्हें कोई कब्रिस्तान के लिए जमीन मुहावाया कराया जाए। आवेदन सौपने के दौरान विशेष रूप से मसीह समाज के अध्यक्ष सिद्धांत चंद्रआ और मसीह समाज के पास्टर विश्वासी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उद्योग व सेवा स्थापना के लिए ऋण देने 15 अगस्त तक लेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों से स्वयं का उद्योग एवं सेवा स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत ऋण प्रदान करने के लिए 15 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजनान्तर्गत उद्योग स्थापना के लिए अधिकतम 50 लाख रूपए और सेवा व्यवसाय स्थापना के लिए अधिकतम 20 लाख रूपए तथा व्यवसाय के लिए अधिकतम 20 लाख की ऋण पात्रता है।

योजनांतर्गत सामान्य श्रेणी के आवेदक को स्वीकृत ऋण का 10 प्रतिशत अंशदान और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग को स्वीकृत ऋण का 05 प्रतिशत अंशदान लगाना होता है। सामान्य वर्ग को शहरी क्षेत्र में उद्योग व सेवा व्यवसाय स्थापित करने पर 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने पर 35 प्रतिशत अनुदान की राशि की पात्रता होगी। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग को शहरी क्षेत्र में 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। इस योजनांतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी युवक-युवती आवेदन कर सकते हैं और आय का कोई सीमा बंधन नहीं है। अधिकतम ऋण स्वीकृति के लिए कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा आठवीं से कम उत्तीर्ण युवक, युवती को उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 05 लाख रुपए और सेवा क्षेत्र में अधिकतम 05 लाख रुपए तक का ऋण स्वीकृत किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिकतम शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, ग्राम पंचायत का अनापत्ति, पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, वोटर आईडी सहित प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांगता संबंधी प्रमाण-पत्र आवश्यक होने पर लगाना होगा। इस योजना के अंतर्गत मांस से संबंधित खाद्य पदार्थ का उद्योग, बीड़ी निर्माण, नशीले वस्तुओं का उत्पादन एवं बिक्री ,चाय, कॉफी, रबर की खेती उद्योग, रेशम पालन, सुअर पालन इत्यादि के लिए ऋण स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

### बैठक में शिशु संरक्षण माह व मीजल्स रुबेला उन्मूलन पर भी चर्चा

# कलेक्टर ने शत-प्रतिशत टीकाकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक शिशु संरक्षण माह एवं मीजल्स-रूबेला उन्मूलन एवं नियमित टीकाकरण के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में शिशु संरक्षण माह के दौरान सभी निर्धारित आयु के बच्चों के शत-प्रतिशत दवाई एवं टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम विशेषकर मलेरिया की रोकथाम के आवश्यक इंतजाम करने और विशेष सावधानी बरतने को कहा।

कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिशु संरक्षण माह के सफल आयोजन एवं शत-प्रतिशत



उपलब्धि प्राप्त करने के लिए अपने तथा अपने आसपास के 09 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को विटामिन ए तथा 06 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की खुराक देने में सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर ने जिले से मीजल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए कार्ययोजना अनुसार इसकी निगरानी में सहयोग करने के लिए अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम 19 जुलाई से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह 05 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बीमारियों में कमी लाने के लिए प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 09 बजे से सायं 04 बजे तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार आयरन फोलिक एसिड की ओरल खुराक पिलाई जाएगी। इसी प्रकार 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा और साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती किया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम एस अहिरवार एवं जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम में किया गया पौधारोपण



**दुर्गुकोंद।** छग शासन के योजना अनुरूप पर्यावरण दिवस एवं योजना अंतर्गत विद्या केतुल शिक्षा संस्था के संस्थापक व गोडी धर्माचार्य के संस्थापक शेरसिंह आंचला के मार्गदर्शन में किया गया।

एक पेड़ माँ के नाम एवं प्रत्येक गावों के देवगुड़ी में पौधारोपण अभियान के तहत जन जागरुकता एवं अभियान के तहत पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर एवं वन परीक्षेत्र दुर्गुकोंदल के सौजन्य से जंगोरायता विद्या केतुल शिक्षा संस्था दमकसा द्वारा 16 जुलाई को ग्राम गोटूलमुंडा, तराईघोटिया, नागहूर, नेडगाव, कलगपुरी, गोयदा, शिवनी, छिंदगाव, आदि गाँव में फलदार छायादार पौधे उपलब्ध कराते हुए वहां के देवगुड़ी और आंगनबाड़ी एवं शासकीय हाई स्कूल तराईघोटिया में पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गोटूलमुंडा गाव के देवगुड़ी में वहा के ग्राम गयता के करकमलों से भूमि पूजन एवं पौधा रोपण करते समय वन विभाग के चंद्रदेव कोड़ोपी बीएफओ, बीएफओ समीर कुमार नेताम, बीएफओ गुलाबचंद सोम, एवं कराटे प्रशिक्षक कृति मंडावी, प्रभा साहू, गोविंद माँझी, कल्याण माँझी एवं ग्रामिणजन मौजूद रहे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - सफेद पानी आना, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है